**सं.डीएसआईआर/एमएस/2025/03**

# भारत सरकार
## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
## वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

**(भाग-I अवर्गीकृत)**

**विषय: मासिक सारांश (मार्च, 2025)**

**मार्च 2025 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां**

**वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित किए गए नये उत्पाद/प्रक्रियाएं/प्रौद्योगिकियां**

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - ड्रोन के लिए कंक्रिट मूल्यांकन उपकरण विकसित किया गया।
  - स्वचालित वाहन गणना और वर्गीकरण (एवीसीसी) प्रणाली का सॉफ्टवेयर विकसित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - जैव आधारित विलायक का उपयोग करके पेट्रोलियम फीड स्टॉक के अध्ययन के लिए प्रक्रिया का विकास किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
  - जेलीफ़िश से टाइप-II कोलेजन के लिए विकसित प्रक्रिया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - बाजरे की खेती और प्रसंस्करण के लिए ब्लॉकचेन सहायता प्राप्त ट्रेसेबिलिटी हेतु विकसित प्रक्रिया (डेटाबेस निर्माण)।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**

- रंगीन गैल्वनाइजिंग कोटेड इस्पात उत्पाद विकसित किए गए तथा इसकी प्रक्रिया में सुधार करके हॉट डीप कोटिंग की गई।

**लाइसेंसप्राप्त/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - निम्न के लिए प्रौद्योगिकी
    - आंतरिक अनुप्रयोग के लिए उच्च मात्रा फ्लाई ऐश (40-50%) जिप्सम कम्पोजिट प्लास्टर का विकास किया गया और इसे दिनांक 25/03/2025 को मेसर्स एमएसपी स्टील्स एंड पॉवर्स लिमिटेड, छत्तीसगढ़ को हस्तांतरित किया गया।
    - नवीन लागत प्रभावी सतही ज्यामितीय इंमपरफेक्सन मेजरमेंट उपकरण 27/03/2025 को मेसर्स ओशिएन एंटरप्राइजेज, हरिद्वार को हस्तांतरित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - निम्न के लिए प्रौद्योगिकी
    - कॉफी कंसन्ट्रेट मेसर्स प्रधान एसोसिएट्स, मैसूर को हस्तांतरित किया गया।
    - मोरिंगा के पत्तों से बने त्वरित उत्पाद मेसर्स एलीफेंटियर प्राइवेट लिमिटेड, कर्नाटक को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएपी**
  - सुगंध-हर्बल साबुन और क्लीनजर्म के लिए प्रौद्योगिकी - फ्लोर क्लीनर के संबंध में 18/03/2025 को सहायक निदेशक उद्यान, जिला उद्यान कार्यालय, गया, बिहार को लाइसेंस दिया गया।
- **सीएसआईआर- सीएमईआरआई**
  - कॉम्पैक्ट व्हीकल इंटीग्रेटेड मैकेनाइज्ड सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए प्रौद्योगिकी 04/03/2025 को मेसर्स अंबिका इंडस्ट्रीज और मेसर्स शुभम कॉर्पोरेशन, गुजरात को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**

- अत्याधुनिक वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स बायोमिमिक्री टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - पिनिन से कार्वियोल और कैम्फोलेनिक एल्डिहाइड तैयार करने की तकनीक हेलो एरोमैकेम प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - मल्टीग्रेन प्रोटीन पाउडर और रागी केला, रागी गाजर चुकंदर, चावल सेब और केला, रागी हरी चना और मल्टी ग्रेन दलिया मिक्स पाउडर के लिए प्रौद्योगिकी क्रमशः 15/03/2025 और 21/03/2025 को विनिर्माण / प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकी प्रदान करने के लिए महालक्ष्मी माल्ट प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
  - मैक्स चरण के लिए प्रौद्योगिकी 14/03/2025 को मेसर्स रेसीप्रो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, भुवनेश्वर को हस्तांतरित कर दी गई।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - इलेक्ट्रोलाइजर मल्टी-सेल्स/शॉर्ट स्टैक परीक्षण प्लेटफॉर्म के लिए प्रौद्योगिकी 10/03/2025 को होरिबा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - ठोस डिओडोरेंट और फ्रेशनर के लिए प्रौद्योगिकी 18/03/2025 को मेसर्स विश्वक्सेनह हर्ब्स एंड एरोमेटिक प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - निम्न के लिए प्रौद्योगिकी
    - चावल की भूसी से निर्मित बायोडिग्रेडेबल टेबलवेयर को मेसर्स रॉयल एग्रो इंडस्ट्रीज, आंध्र प्रदेश को हस्तांतरित किया गया।
    - नारियल और नारियल आधारित उत्पाद तथा नारियल प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी), कोच्चि को हस्तांतरित किया गया
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - अपशिष्ट पीसीबी से धातु/लवण के रूप में Cu, Cl, एवं Au के विक्रय योग्य उत्पादों को पुनः प्राप्त करने की प्रौद्योगिकी, एयन्ट्रम अपशिष्ट प्रबंधन प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर को हस्तांतरित की गई।

**शुरू की गई नई परियोजनाओं की संख्या (01/03/25-31/03/25)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | सीएसआईआर | मंत्रालय/सरकार/पीएसयू | उद्योग/प्रायोजित/निजी |
|---|---|---|---|
| **सीएसआईआर-सीबीआरआई** | शून्य | **01** | **10** |
| **सीएसआईआर-सीसीएमबी** | शून्य | **01** | शून्य |
| **सीएसआईआर-सीडीआरआई** | शून्य | **02** | शून्य |
| **सीएसआईआर-सीईसीआरआई** | शून्य | **02** | **04** |
| **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई** | शून्य | **01** | **05** |
| **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर** | शून्य | **07** | **23** |
| **सीएसआईआर-सीएलआरआई** | शून्य | **03** | 04 |
| **सीएसआईआर-सीआरआरआई** | शून्य | **05** | **04** |
| **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई** | शून्य | **01** | शून्य |
| **सीएसआईआर-आईआईसीटी** | शून्य | शून्य | 07 |
| **सीएसआईआर-आईआईआईएम** | शून्य | शून्य | 01 |
| **सीएसआईआर-आईआईपी** | शून्य | शून्य | **02** |
| **सीएसआईआर-आईआईटीआर** | शून्य | **01** | शून्य |
| **सीएसआईआर-आई एम एम टी** | शून्य | **02** | **05** |
| **सीएसआईआर-इमटैक** | शून्य | **01** | शून्य |
| **सीएसआईआर-एनएएल** | शून्य | **01** | **01** |
| **सीएसआईआर-एनबीआरआई** | शून्य | **01** | शून्य |
| **सीएसआईआर-एनसीएल** | शून्य | शून्य | **06** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **सीएसआईआर-एनईआईएसटी** | शून्य | **01** | शून्य |
| **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी** | शून्य | **04** | **01** |
| **सीएसआईआर-एनआईओ** | शून्य | **39** | **54** |
| **सीएसआईआर-एनएमएल** | **01** | **04** | **02** |
| **सीएसआईआर-एसईआरसी** | शून्य | **07** | **03** |

**पीएचडी में प्रवेश लेने वाले/पूरा करने वाले विद्यार्थियों की संख्या (01/03/25-31/03/25)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | पुरा किया। |
|---|---|
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | 12 |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीरी | 01 |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | 04 |
| सीएसआईआर-सीआईएमएफआर | 01 |
| सीएसआईआर-सीमैप | 03 |
| सीएसआईआर-सीएमईआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीएसआईओ | 03 |
| सीएसआईआर-आईएचबीटी | 06 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 03 |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 05 |
| सीएसआईआर-आईआईआईएम | 01 |
| सीएसआईआर-इमटैक | 06 |
| सीएसआईआर-एनएएल | 01 |
| सीएसआईआर-एनसीएल | 01 |
| सीएसआईआर-एनबीआरआई | 03 |
| सीएसआईआर-एनईआईएसटी | 01 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | 04 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | 02 |
| सीएसआईआर-एनएमएल | 01 |
| सीएसआईआर-एनपीएल | 06 |

**राष्ट्रीय सहयोग/समझौते/समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - अग्नि सुरक्षा ऑडिट के लिए अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल अस्पताल), नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्यक्रम को लागू करने के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - निम्न के साथ संस्थागत संपर्क को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए गए।
    - दिनांक 24/03/2025 को इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड वायरोलॉजी, तिरुवनंतपुरम के साथ।
    - दिनांक 21/03/2025 को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), अहमदाबाद के साथ।
    - दिनांक 25/03/2025 को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, मुंबई के साथ।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - सिलिकॉन नाइट्रेड, एल्युमिनियम नाइट्राइड और सिलिकॉन कार्बिडियन के लिए उन्नत सिरेमिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए दिनांक 07/03/2025 को भुखनवाला इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

- **सीएसआईआर-सीआईएमएपी**
    - दिनांक 26/03/2025 को सहयोगात्मक कार्यक्रमों, औद्योगिक अनुसंधान और अंतःविषय अनुसंधान के लिए बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - मेसर्स फ्लोक्स लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के साथ रिलेक्सोमैप (एंटी-इंफ्लेमेटरी दर्द निवारक तेल), फ्लोमोप (हर्बल फ्लोर क्लीनर), क्लीन जर्म (एरोमैटिक फ्लोर क्लीनर), मोस्प्रे (मच्छर भगाने वाला रूम स्प्रे) के बाजार में उतारने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - दिनांक 20/03/2025 को बूचड़खाने का व्यापक पर्यावरणीय ऑडिट करने के लिए मेसर्स फ्रिगेरियो कंजर्वा अल्लाना प्राइवेट लिमिटेड, अलीगढ़ के साथ कन्सल्टेंसी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - दिनांक 04/03/2025 को वाहन एकीकृत मैकेनाइज्ड सेप्टिक टैंक सफाई मशीन के लिए मेसर्स अंबिका इंडस्ट्रीज और मेसर्स शुभम कॉर्पोरेशन, अहमदाबाद के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
    - स्वच्छता से जुड़े व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 04/03/2025 को आवासन और शहरी कार्य  के मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
    - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
        - दिनांक 21/03/2025 को डिजाइन और विनिर्माण इंजीनियरिंग में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के लिए केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएमटीआई), बैंगलोर के साथ।
        - संयुक्त अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं, प्रशिक्षण, सुविधाओं और विशेषज्ञता का उपयोग आदि के लिए दिनांक 28/03/2025 को एस्सार ऑयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन लिमिटेड, मोलंदिगी, दुर्गापुर के साथ।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - दिनांक 24/03/2025 को सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए एम्स, बठिंडा और वीआईटी, वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - तकनीकी सेवा परियोजना के लिए जीएचसीएल लिमिटेड, अहमदाबाद के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - निम्न के साथ सुगंधित तेल के निष्कर्षण के लिए आसवन इकाई उपलब्ध कराने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
        - दिनांक 12/03/2025 को ईडब्ल्यूओके मिड-हिमालयन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, मंडी, हिमाचल प्रदेश के साथ।
        - दिनांक 15/03/2025 को धन्वंतरि ग्राम संगठन ग्राम पट्टा जटियान, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के साथ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
        - होम्योपैथिक उपचारों की प्रभावकारिता और सुरक्षा के मूल्यांकन में सहयोग करने के लिए दिनांक 17/0/2025 को एचएएमएसए होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, सिद्दीपेट, तेलंगाना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
        - सहकारी अनुसंधान और संस्थागत संपर्क को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 18/03/2025 को ऑरोरा उच्च शिक्षा और अनुसंधान अकादमी, डीम्ड विश्वविद्यालय, हैदराबाद के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
        - दिनांक 13/03/2025 को यूजी और पीजी छात्रों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु बी.वी. राजू कॉलेज, भीमावरम, आंध्र प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
    - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
        - दिनांक 20/03/2025 को जैव कीटनाशकों के निर्माण विकास पर कार्य करने हेतु हैपिको इंडस्ट्रीज के साथ।
        - दिनांक 27/03/2025 को बोसवेलिया सेराटा आधारित फाइटोफार्मास्युटिकल और एनएएके प्लांट अनुसंधान फॉर्मूलेशन विकास पर काम करने हेतु सफार्मान्ज़ा इंडस्ट्री के साथ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - अकादमिक सहयोग के लिए दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**

- दिनांक 17/03/2025 को सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए मेसर्स आश्वी टेक्नोलॉजी एलएलपी, अहमदाबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-आई एम एम टी**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
    - शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए आईआईटी पटना।
    - एकीकृत लखनपुर-बेलफारा लिलारी ओसीपी की कोयला परतों की स्वतःस्फूर्त तापन क्षमता के लिए महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), संबलपुर, ओडिशा के साथ।
    - निम्न-श्रेणी के क्रोम अयस्क नमूनों के पेलेटाइजेशन/ब्रिक्वेटिंग और प्रगलन अध्ययन के लिए टाटा स्टील के साथ।
    - एल्युमीनियम उद्योग से निकले हुए पॉट लाइनर अपशिष्ट पदार्थों के विषहरण के लिए जय जगन्नाथ ग्रीनटेक, भुवनेश्वर के साथ।
    - माल्को एनर्जी लिमिटेड-निकेल बिजनेस यूनिट के प्लांट ऑडिट के लिए माल्को एनर्जी लिमिटेड, कुनकोलिम, गोवा के साथ।
    - स्टरलाइट कॉपर, सिलवासा, Se, Te, Cu पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया के लिए वेदांता लिमिटेड, सेसा स्टरलाइट लिमिटेड के साथ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 26/03/2025 को डुअल प्लेन 3डी वीविंग मशीन के विकास के लिए केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएमटीआई), बेंगलुरु के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - दिनांक 10/03/2025 को अंडमान और निकोबार द्वीप के क्षेत्र में फूलों की खेती और मधुमक्खी पालन में सुधार के लिए किसानों को सहायता देने के लिए कृषि विभाग, अंडमान और निकोबार प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर और आईसीएआर-सीआईएआरआई, अंडमान और निकोबार द्वीप के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - दिनांक 24/03/2025 को वनस्पति अवयवों के अनुसंधान और क्षमता निर्माण और सुधार को बढ़ावा देने के लिए इंडियन सोसाइटी ऑफ कॉस्मेटिक केमिस्ट्स (आईएससीसी), मुंबई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - X12 स्टील पर क्रीप क्रैक ग्रोथ (सीसीजी) और क्रीप क्रैक इनिशिएशन (सीसीआई) कठोरता अध्ययन पर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, हैदराबाद के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - दिनांक 03/03/2025 को शैक्षणिक सहयोग के लिए नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**अंतर्राष्ट्रीय सहयोग/समझौते/समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - क्रोनिक ऑक्यूलर एसजेएस में अनियमित प्रतिरक्षा तंत्र की जांच के लिए वेलक्स स्टिफ्टंग, ज्यूरिख के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आई एम एम टी**
  - वैनाडिफेरस टाइटैनो-मैग्नेटाइट और इल्मेनाइट सांद्रणों से टाइटेनियम डाइऑक्साइड रिकवरी और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सीएसआईआरओ, पेमेंट सपोर्ट सेंटर, ऑस्ट्रेलिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

**पेटेंट अद्यतन**

| दायर किए गए पेटेंट | | | स्वीकृत पेटेंट | | | पेटेंट अभियोजन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* (यूनिक पेटेंट आवेदन) | विदेश (मल्टीपल देश) * | भारत | विदेश* (यूनिक पेटेंट आवेदन) | विदेश (मल्टीपल देश) * | भारत | विदेश* |
| 20 | 11 | 11 | 07 | 06 | 06 | 09 | 151 |
| किए गए दायर कॉपीराइट आवेदनों की संख्या | | | | | 12 | | |
| दायर किए गए डिज़ाइन आवेदनों की संख्या | | | | | 04 | | |

* मार्च 2025 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया डेटा बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है। यदि संबंधित महीनों में इसके अनुरूप आवेदन दायर/अनुदानित किये जाते हैं तो दायर किए गए/मंजूर किए गए पेटेंट अगले महीनों में भी दिखाई दे सकता है।

**उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - 408 नमूनों वाले 385 परिवारों के लिए आणविक नैदानिक सेवाएं प्रदान की गईं।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - मार्च 2025 के दौरान एक एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान की गईं।
  - अनुसंधान प्रयोजनों के लिए बाहरी अनुसंधान संगठनों को 311 प्रायोगिक पशु उपलब्ध कराए गए।
  - आईआर (इन्फ्रारेड), मास, एनएमआर (न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस) और ईएम (इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) द्वारा नमूनों के विश्लेषण के लिए सेवा प्रदान की गई; 584 बाह्य नमूनों का विश्लेषण किया गया।
- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईएटी), पुणे को सेमीकंडक्टर निर्माण सेवा प्रदान की गई
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड, बोकारो, झारखंड के लिए बॉयलर ट्यूब की विफलता के संभावित कारण/कारणों की धातुकर्म जांच।
  - एनटीपीसी, फरक्का के लिए स्टील साइलो का दृश्य निरीक्षण और गैर-विनाशकारी मूल्यांकन।
  - कृषि मशीनरी निर्माता के लिए कृषि मशीन का परीक्षण और विश्लेषण।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - एनएचएआई के लिए एनएच-8 के दिल्ली-गुरुग्राम खंड पर किमी 36.175 पर हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर और अंडरपास (3+3) की मजबूरियों का मूल्यांकन और उपचारात्मक उपायों के लिए सुझाव।
  - सीपीडब्ल्यूडी के लिए बेला बीओपी से बीओपी सिलासिचि, भारत-पाक सीमा, कच्छ-गुजरात तक सड़क को जोड़ने के लिए नए लिंक रोड के निर्माण के लिए डिजाइन और तकनीकी समाधान।
  - एसआरएम कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड के लिए दिए गए एमएसए के आधार पर फोमयुक्त बिटुमेन और फुटपाथ डिजाइन के साथ बिटुमेन स्थिर सामग्री (बीएसएम) मिश्रण का डिजाइन।
  - लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली के लिए बक्करवाला गांव में श्मशान घाट तक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए फुटपाथ डिजाइन।
  - पीडब्ल्यूडी के लिए रिशाल गार्डन से एयरफोर्स बानी कैंप रोड बापरोला, दिल्ली तक का जीर्णोद्धार।
  - केसीसी चित्तूर हाईवे प्राइवेट लिमिटेड के लिए लिमिटेड आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में भारतमाला परियोजना के तहत "चित्तौड़ से थाचूर तक" परियोजना के फुटपाथ डिजाइन की जांच।
  - टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए गतिशील परीक्षण सुविधा का उपयोग करके डब्ल्यूएमएम सामग्री के तन्यकता मापांक का निर्धारण।
  - पर्यावरण अनुकूल बायोडिग्रेडेबल 'प्राकृतिक प्रीफैब्रिकेटेड वर्टिकल ड्रेन (एनपीवीडी)' का विकास - राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के लिए नरम मिट्टी के भू-सुधार के लिए एक स्थायी समाधान।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - बनिहाल के स्थानीय किसानों को लैवेंडर के क्यूपीएम का वितरण।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - सीपीसीएल चेन्नई रिफाइनरी वैक्स प्लांट के लिए इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली के सहयोग से मौजूदा सॉल्वेंट डीओलिंग यूनिट पर पुनरुद्धार अध्ययन।
  - मेसर्स लुब्रिचेम के लिए अग्नि प्रतिरोधी हाइड्रोलिक द्रव का परीक्षण और मूल्यांकन।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - एनटीपीसी, शक्ति नगर, उत्तर प्रदेश के लिए पर्यावरण मापदंडों का तीसरे पक्ष द्वारा परीक्षण।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - एलसीए वेरिएंट और एएमसीए - एडीए के सीएलएडब्ल्यू मूल्यांकन के लिए डीईएलएस सुविधा का उन्नयन।
  - मेसर्स हाई-पॉइंट वाटर टेक्नोलॉजीज (आई) प्राइवेट लिमिटेड के लिए फाइबर प्रबलित समग्र लेमिनेट पर इन-हाउस विकसित ट्यूमेसेंट अग्निरोधी कोटिंग।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - दिल्ली विकास प्राधिकरण के लिए अमृत जैव विविधता पार्क का सौंदर्यीकरण
  - श्री राम मंदिर, अयोध्या को कचनार के फूलों से बना हर्बल गुलाल भेंट किया।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - उद्योग और शिक्षा जगत को सूक्ष्मजीवी उपभेदों और पहचान सेवाएं प्रदान की गईं।

- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - संसाधन दक्षता एवं वृत्तीय अर्थव्यवस्था उद्योग गठबंधन (आरईसीआईईसी) के लिए रसायनों हेतु जीवाश्म-आधारित से जैव-आधारित फीडस्टॉक में परिवर्तन पर श्वेत पत्र तैयार किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - टाटा स्टील प्राइवेट लिमिटेड, जमशेदपुर के लिए मैंगनीज अयस्कों की कमी पर व्यवहार्यता अध्ययन।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - मेसर्स वर्नर इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड, मैसूर के लिए शेक टेबल का उपयोग करके मोज़ेक कंट्रोलर बोर्ड का भूकंपीय परीक्षण।

**आउटरीच कार्यकलाप**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
    - कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
        - मार्च 2025 के दौरान "महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और इमारतों के लिए अग्नि सुरक्षा उपायों का डिज़ाइन"।
        - दिनांक 17-21/03/2025 के दौरान वन्यजीव डीएनए फोरेंसिक मे 11 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 24-29/03/2025 के दौरान एलसी-एमएस आधारित प्रोटिओमिक्स में 12 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - दिनांक 27/03/2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुबग्गा, लखनऊ का भ्रमण आयोजित किया गया में 520 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 18/03/2025 को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, बारूमऊ, बख्शी का तालाब, लखनऊ में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन में 250 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - निम्न के लिए छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन
        - दिनांक 03/03/2025 को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर), लखनऊ, यूपी के आयोजन में 10 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 07/03/2025 निर्मला देवी फार्मेसी कॉलेज, जौनपुर (यूपी) के आयोजन में 59 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 11/03/2025 को एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ (यूपी) के आयोजन में 22 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 13/03/2025 को जहांगीराबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बाराबंकी (यूपी) के आयोजन में 45 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 19/03/2025 को सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षा संस्थान, आईआईएम रोड, लखनऊ (यूपी) के आयोजन मे 42 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 25/03/2025 को रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, लखनऊ (यूपी) के आयोजन में 60 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 28/03/2025 को टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय, अमौसी, लखनऊ (यूपी) के आयोजन में 40 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - दिनांक 26/03/2025 को एनआईटी त्रिची के लिए प्रयोगशाला दौरा आयोजित किया गया, जिसमें 32 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 03/03/2025 को प्रयोगशाला सुरक्षा जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 30 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीरी**
    - दिनांक 11/03/2025 को आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज, बलाना, महेंद्रगढ़ (एचआर) के लिए प्रयोगशाला दौरा के आयोजन में 65 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 21-23/03/2025 के दौरान जेएनवी नशीराबाद, अजमेर, जेएनवी राजसमंद और जेएनवी मावली, उदयपुर में ऊर्जा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और जलवायु घड़ियां स्थापित की गईं।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - के बारे में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
        - दिनांक 04-07/03/2025 एवं 17-19/03/2025 के दौरान फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, जिसमें 18 एवं 40 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 25-26/03/2025 के दौरान फलों और सब्जियों का आसमाटिक निर्जलीकरण, जिसमें 23 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 19-25/03/2025 के दौरान खाद्य प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण, जिसमें 25 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 03-07/03/2025 और 17-21/03/2025 के दौरान चावल उबालना, मिलिंग, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन जिसमें क्रमशः 28 और 31 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 10/03/2025-13/03/2025 के दौरान लघु बाजरा जिसमें 22 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
    - दिनांक 19/03/2025 को वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 204 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - के बारे में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

        - दिनांक 06-07/03/2025 को टेराकोटा प्रसंस्करण, जिसमें 36 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 12/03/2025 और 24-27/03/2025 के दौरान सिरेमिक झिल्ली और जल प्रौद्योगिकियां, जिसमें क्रमशः 15 और 18 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 20-21/03/2025 सिरेमिक टाइल्स, सेनेटरी वेयर और ईंटें, जिसमें 35 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 04-07/03/2025 के दौरान ग्लास और सिरेमिक सामग्री के रासायनिक लक्षण वर्णन के लिए उपकरण विधियाँ और तापमान माप और नियंत्रण से संबंधित परीक्षण और अंशांकन तकनीक, जिसमें 7 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - दिनांक 10/03/2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन, जिसमें 70 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 03-08/03/2025 के दौरान औषधीय एवं सुगंधित पौधे पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, जिसमें 22 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 18-20/03/2025 के दौरान बाराबंकी, उत्तर प्रदेश में एमएपी की खेती, प्रसंस्करण और विपणन; जिसमें 17 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 26/03/2025 को अगरबत्ती और सुगंधित शंकु बनाना; जिसमें 20 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**

    के बारे में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
    - दिनांक 03-07/03/2025 के दौरान बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के लिए विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान और मिट्टी और जल विश्लेषण में इसका अनुप्रयोग, जिसमें 21 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 11/03/2025 को वन हेल्थ: रोगों की रोकथाम बोर्ड मध्य विद्यालय मुग्धा के लिए मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को एकीकृत करना, जिसमें 66 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - निम्न के लिए प्रयोगशाला दौरा का आयोजन किया गया
        - दिनांक 12/03/2025 को फातिमा विद्या निकेतन ईएम स्कूल, रेंटाचिंतला, एपी; जिसमें 88 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 20/03/2025 सरकारी स्कूल जिला कृष्णा, आंध्र प्रदेश, जिसमें 100 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 26/03/2025 को खालसा कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज, अमृतसर।
        - दिनांक 03/03/2025 और 10/03/2025 को राजीव गांधी भूजल प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित, जिसमें क्रमशः 29 और 35 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
- दिनांक 27/03/2025 को जेएनवी धनबाद के लिए विभिन्न वातावरणों में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स के अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें 105 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - निम्न के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
        - दिनांक 24-26/03/2025 के दौरान एमपीपीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के लिए लचीले और कठोर फुटपाथों में डिजाइन, निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण, जिसमें 30 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 18-22/03/2025 के दौरान सागी राम कृष्णम राजू इंजीनियरिंग कॉलेज, भीमवरम, एपी के लिए सड़क बुनियादी ढांचे परियोजनाओं में जियोसिंथेटिक्स के अनुप्रयोग, जिसमें 120 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - दिनांक 19/03/25 को सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-37 डी के लिए प्रयोगशाला दौरा का आयोजन; जिसमें 53 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - दिनांक 20-21/03/2025 के दौरान तूतीकोरिन (तमिलनाडु) में सौर नमक उत्पादन प्रक्रिया और गुणवत्ता नियंत्रण पहलुओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 47 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - माह के दौरान सरकारी/सार्वजनिक स्कूलों एवं कॉलेजों के लिए प्रयोगशाला दौरा का आयोजन किया गया, जिसमें 3145 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
        - दिनांक 10/03/2025-10/05/2025 के दौरान प्लांट टिशू कल्चर तकनीशियन, जिसमें 01 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 07/03/2025 को गुलदाउदी में मदर ब्लॉक और वाणिज्यिक कटिंग उत्पादन।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - दिनांक 19/03/2025 को नारायणतला रामकृष्ण विद्यामंदिर, नारायणतला के लिए कार्बनिक यौगिकों के स्टीरियोकेमिस्ट्री की बुनियादी अवधारणाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- निम्न के लिए प्रयोगशाला दौरे का आयोजन किया गया-
    - दिनांक 04/03/2025 को बरहामपुर विश्वविद्यालय, बरहामपुर, ओडिशा
    - दिनांक 18/03/2025 अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 19/03/2025 को प्रधानमंत्री श्री टीजीएमएस, बंटवारम, विकाराबाद के लिए छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन; 100 प्रतिभागी।
  - कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया-
    - दिनांक 01/03/2025 उन्नत सिंथेटिक कार्बनिक रसायन विज्ञान, जिसमें 43 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 03-07/03/2025 के दौरान पेप्टाइड संश्लेषण पर उन्नत ईएसडीपी, जिसमें 20 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 03-13/03/2025 के दौरान बेसिक बायोइन्फॉरमैटिक्स और केमिन्फॉरमैटिक्स, जिसमें 27 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 18-22/03/2025 के दौरान पाउडर एक्स-रे विवर्तन तकनीक।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - निम्न के लिए प्रयोगशाला दौरे का आयोजन किया गया
    - दिनांक 24/03/2025 को कॉलेज के छात्र, जिसमें 17 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ दिनांक 28/03/2025, जिसमें 26 प्रतिभागी शामिल हुए।
  - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
    - दिनांक 03-07/03/2025 के दौरान आईआर का उपयोग करते हुए स्पेक्ट्रोस्कोपिक विश्लेषणात्मक तकनीक, जिसमें 11 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 10/03/2025 को जैव-आधारित सैनिटरी नैपकिन, जिसमें 25 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 17-28/03/2025 के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों का विश्लेषण, जिसमें 26 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - 366 प्रतिभागियों के लिए प्रयोगशाला दौरा का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आई एम एम टी**
  - एसएआई इंटरनेशनल स्कूल के लिए दो सप्ताह की इंटर्नशिप का आयोजन, जिसमें 15 प्रतिभागी शामिल हुए।
  - विज्ञान और सीएसआईआर के वैज्ञानिक योगदान को लोकप्रिय बनाने के लिए दुर्गापुर, जमशेदपुर और ओडिशा के विभिन्न स्कूलों में विज्ञान रथ दौरा आयोजित किया गया।

- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 11/03/2025 और 27/03/2025 को कॉलेज के छात्रों के लिए प्रयोगशाला दौरे का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - दिनांक 17/03/2025 को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, बीकेटी, लखनऊ के लिए प्रयोगशाला दौरा का आयोजन, जिसमें 67 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
  - माह के दौरान प्रयोगशाला दौरा का आयोजन किया गया, जिसमें 112 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - माह के दौरान प्लांट बायोटेक्नोलॉजी एवं मॉलिक्यूलर बायोलॉजी(सीपीबीएमबी) केंद्र, एमएनसीई अकादमी और एल'इकोले चेम्पाका 'सिल्वर रॉक्स' तथा एल'इकोले चेम्पाका इंटरनेशनल स्कूल के लिए प्रयोगशाला दौरा का आयोजन किया गया, जिसमें 600 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - दिनांक 07/03/2025 को एमिटी विश्वविद्यालय, रांची के लिए सामग्री और धातुकर्म प्रक्रिया पर एकीकृत कौशल पहल एक्सपोजर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया: जिसमें 34 प्रतिभागी शामिल हुए।
  - दिनांक 21/03/2025 को ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, डिमना के लिए प्रयोगशाला दौरा का आयोजन किया गया, जिसमें 16 प्रतिभागी शामिल हुए।

**सम्मेलन, कार्यशालाएं, प्रमुख कार्यक्रम**

- **सीएसआईआर मुख्यालय**

- दिनांक 26/03/2025 को प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता, पूर्व प्रोफेसर, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद और संस्थापक, हनी बी नेटवर्क द्वारा "मेकिंग ब्रेक थ्रू रचनात्मकता की संस्कृति को पोषित करने के लिए समुदायों और छोटी कंपनियों को जोड़ना" विषय पर अमृत व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 08/03/2025 को सीएसआईआर-एनपीएल ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।
- दिनांक 05-07/03/2025 के दौरान रूड़की, उत्तराखंड में विकसित भारत विकसित उत्तराखंड में भाग लिया।
- दिनांक 10-12/03/2025 के दौरान आईआईटी, दिल्ली में ट्रिस्ट 25 में भाग लिया ।
- दिनांक 20-22/03/2025 के दौरान इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा, (यूपी) में सरकारी विकास योजना - एक्सपो 25 में भाग लिया ।
- दिनांक 17-19/03/2025 के दौरान गुवाहाटी, असम में राइजिंग इंडिया डेवलपमेंट प्रदर्शनी 2025 में भाग लिया ।
- दिनांक 24/03/2025 को पौधारोपण समारोह के साथ जनजातीय गौरव वर्ष मनाया गया।

- **सीएसआईआर-4 पीआई**
  - दिनांक 03-12/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 17/03/2025 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - दिनांक 04-06/03/2025 के दौरान रूड़की में विकसित भारत, विकसित उत्तराखंड प्रदर्शनी में भाग लिया।
  - दिनांक 27/03/2025 को 'प्रयोगशाला पशु कल्याण और इथिक्स पर सीसीएसईए का सेमिनार आयोजित किया गया।

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - महिला स्वास्थ्य जांच और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया और 05/03/2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - दिनांक 10/03/2025 को नोबेल दिवस 2024 मनाया गया।
  - दिनांक 14/03/2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2025 पर नगर निगम, कराईकुडी की आयुक्त श्रीमती एस. चित्रा द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-सीरी**
  - दिनांक 03-07/03/2025 के दौरान उन्नत वीएलएसआई डिजाइन में उन्नत उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - दिनांक 13/03/2025 को ग्लास और सिरेमिक पर अत्याधुनिक शोध के लिए साहित्य समीक्षा पर अवलोकन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - दिनांक 14-15/03/2025 के दौरान एनआईटीके सुरथकल में सुरक्षा और दक्षता के लिए रॉक ब्लास्टिंग नवाचार (आरआईएसई-25) पर कार्यशाला का आयोजन; जिसमें 210 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 07/03/2025 को मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ मॉलिक्यूलर सेल बायोलॉजी एंड जेनेटिक्स के निदेशक प्रोफेसर डॉ. स्टीफन ग्रिल द्वारा फिजिक्स ऑफ लाइफ पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
  - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - दिनांक 17-19/03//2025 के दौरान मणिराम दीवान ट्रेड सेंटर, गुवाहाटी, असम में आयोजित सरकारी विकास योजना एक्सपो-2025 में भाग लिया गया।
  - विज्ञान भवन, नई दिल्ली में माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर का राष्ट्रव्यापी रोड शो आयोजित किया गया।

- दिनांक 11-13/03/2025 के दौरान राजकोट, गुजरात में सौराष्ट्र वेपर उद्योग महामंडल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो 2025 में भाग लिया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - डॉ. रेनिता भामरा (ऑन्कोलॉजी), निदेशक (वैज्ञानिक सेवाएं), सिनिओस हेल्थ द्वारा "महिला स्वास्थ्य, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर" पर व्याख्यान का आयोजन किया गया और क्रमशः दिनांक 06/03/2025 और 03-10/03/2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।

  **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - दिनांक 04/03/2025 को वाइज टेक-वीमन इन स्टेम का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 18/03/2025 को अंतर-संस्थागत अनुसंधान विद्वान दिवस का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - दिनांक 13/03/2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 2025 मनाया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - दिनांक 11-13/03/2025 के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप में जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय (जेएनआरएम) में स्टेकहोल्डर मीट में भाग लिया।
  - दिनांक 20/03/2025 को पालमपुर में ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर के लिए राष्ट्रव्यापी रोड शो का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 03-09/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।
  - दिनांक 18-19/03/2025 के दौरान प्राकृतिक संसाधन-आधारित उत्पादों के मूल्य पर ग्राम वन प्रबंधन समितियों (वीएफएमएस) के सदस्यों और वन क्षेत्र कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
  - नादब्रम्ह संगीत अकादमी, पालमपुर में एक ऊर्ध्वाधर उद्यान की स्थापना की गई।

- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - दिनांक 03/03/2025 को प्रोफेसर सैयद ई. हसनैन, पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित, शारदा विश्वविद्यालय, एनसीआर में प्रतिष्ठित प्रोफेसर और आईआईटी, दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान अध्यक्ष द्वारा एक गैर-अनुरूपतावादी वैज्ञानिक की यात्रा: हरे शैवाल से तपेदिक तक पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 04-13/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।
  - दिनांक 10/03/2025 को राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 01/03/2025 को गाचीबोवली स्टेडियम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह विज्ञान वैभव में भाग लिया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**

  - वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन।
  - जैव विविधता पर 1600वां वृक्ष वार्ता सत्र आयोजित किया गया।
  - औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर उन्नत उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन।
  - सीएसआईआर-सीएमईआरआई के ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर को अपने फील्ड स्टेशन चट्ठा फार्म्स में प्रदर्शित किया गया।
  - फ्लोरिटेक कॉन्क्लेव का आयोजन
  - किसानों की आय दोगुनी करने के लिए वर्षा आधारित क्षेत्रों में औषधीय और सुगंधित पौधों के माध्यम से फसल विविधीकरण पर एमएसएमई कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**

  - दिनांक 06-08/03/2025 के दौरान सफल परिवर्तनों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, अनुसंधान और प्रबंधन में महिलाओं का सम्मेलन (वार्मेस्ट 2025) आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आई एम एम टी**

  - दिनांक 06-07/03/2025 के दौरान विकसित भारत के लिए सतत विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।

- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
    - दिनांक 08-09/03/2025 के दौरान बोगेनविले महोत्सव का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 25/03/2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाने के लिए महिलाओं के लिए बोनसाई बनाने की कार्यशाला का आयोजन; जिसमें 100 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
    - दिनांक 19/03/2025 को "ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में हालिया प्रगति" और कैटेलिसिस-2025" पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - दिनांक 06-10/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।
    - दिनांक 13/03/2025 को एक नए जिरेनियम खेती और किसान प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
    - दिनांक 06-08/03/2025 के दौरान हिंद महासागर में जैव-रासायनिक चक्रण पर आईएनएसए-एससीओआर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - दिनांक 03-9/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।
    - नेट-जीरो भविष्य के लिए टिकाऊ पैकेजिंग समाधान पर सम्मेलन का आयोजन किया गया ।
    - दिनांक 28/02/2025 को प्रो. रोहित श्रीवास्तव, विज्ञान श्री 2024 पुरस्कार विजेता और हिमांशु पटेल चेयर प्रोफेसर, आईआईटी बॉम्बे द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर व्याख्यान दिया गया।
    - दिनांक 04/03/2025 को नई दिल्ली में आयोजित आहार कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय/निफ्टेम-के द्वारा विनियामक ढांचे: खाद्य उद्योग अनुपालन पर एक सत्र का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर**
    - दिनांक 04/03/2025 को डीडीजीडी वैष्णव कॉलेज, चेन्नई के साथ "भारतीय ज्ञान प्रणालियों में क्षमता निर्माण: दस्तावेज़ीकरण, सत्यापन और संचार" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - दिनांक 03-9/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।
    - दिनांक 10/03/2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - दिनांक 03-9/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।
    - यूके मानक भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसआई द्वारा 17-20/03/2025 तक आईएसओ/आईईसी 17043:2023 और आईएसओ 13528:2022 के परिचय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 24/03/2025 को विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - दिनांक 08-20/03/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 मनाया गया।

**उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर-4 पीआई**
    - फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव श्री अमित अग्रवाल फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आयोजित बैठक में भाग लिये।
    - एनएसएम के मिशन निदेशक डॉ. हेमंत दरबारी ने अपनी टीम के साथ एनएसएम 4पीएफ जीपीयू प्रणाली की संस्थापना पर चर्चा की।
- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
    - दिनांक 13/03/2025 को बेंगलुरु में फ्रांस के महावाणिज्यदूत का दौरा किया गया।
    - दिनांक 18/03/2025 को 20 जर्मन विश्वविद्यालयों के शीर्ष प्रबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल आया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
- दिनांक 06-09/03/2025 के दौरान "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ जलवायु परिवर्तन प्रभाव के आधार पर बिटुमेन और डामर मिश्रण के लिए सार्वभौमिक एजिंग प्रोटोकॉल विकसित करने" के लिए तुर्की से एक प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया।

- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - डॉ. सुशील चंद्रा, पूर्व वैज्ञानिक जी, डीआरडीओ-इनमास इंडिया और ऋषिहुड विश्वविद्यालय में डीन, दिनांक 27/03/2025 को सहायक प्रौद्योगिकी में इमर्सिव एआई पर एक व्याख्यान देने के लिए आए।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 18/03/2025 को 20 जर्मन विश्वविद्यालयों के शीर्ष प्रबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल आया।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सीएसआईआर-सीएमईआरआई के ई-ट्रैक्टर और ई-टिलर के प्रदर्शन के दौरान इसके फील्ड स्टेशन चट्ठा फार्म का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
- श्री पियरिक फिलोन-आशिदा, प्रथम परामर्शदाता, अनुसंधान एवं नवाचार अनुभाग के प्रमुख, यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 08/03/2025 को बोगनविलिया महोत्सव के लिए भारत का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - प्रोफेसर एस.के. कवात्रा, अध्यक्ष और प्रोफेसर, मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, ह्यूटन, मिशिगन, यूएसए"", लौह अयस्क प्रसंस्करण के बड़े चित्र पर तीसरे प्लेटिनम जुबली व्याख्यान देने के लिए आए"
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) और प्रो. अजय कुमार सूद, पीएसए, भारत सरकार ने 08/03/2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह समारोह के लिए दौरा किया।
  - श्री अभिरूप दासगुप्ता (प्रमुख - आर्थिक सहयोग कार्यक्रम, भारत में ब्रिटिश उच्चायोग) और श्री स्टीव सिडनी (बीएसआई प्रशिक्षक, वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ) ने 'आईएसओ/आईईसी 17043:2023 और आईएसओ 13528:2022 का परिचय' विषय पर प्रशिक्षण के लिए दौरा किया।
  - विश्व मौसम विज्ञान दिवस समारोह के लिए डॉ. मृत्युंजय महापात्रा (माननीय डीजीएम, आईएमडी) और डॉ. मनीष नाजा (निदेशक, एआरआईईएस, डीएसटी) दौरा किए।

**सम्मान/पुरस्कार**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - औषधीय एवं प्रक्रिया रसायन विभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नीलांजना मजूमदार को थिएम केमिस्ट्री जर्नल्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अय्यादुरई एन को दिनांक 18/03/2025 को चेन्नई स्थित विज्ञान अकादमी से उच्च प्रभाव अनुसंधान प्रकाशन श्रेणी में एएससी-मसिला विजया पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एस. श्रीधर को दिनांक 15/03/2025 को राष्ट्रीय उद्यमिता विकास महासंघ (एनएफईडी) द्वारा उत्कृष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया।
  - वैज्ञानिक डॉ. देबाशीष स्वैन को इंडियन सोसाइटी ऑफ एनालिटिकल साइंटिस्ट्स (आईएसएएस) द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2024 प्रदान किया गया।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - डॉ. एन. आनंदवल्ली, मुख्य वैज्ञानिक और निदेशक, सीएसआईआर-एसईआरसी को दिनांक 06/03/2025 को "आईसीआई-अल्ट्राटेक पुरस्कार 2024 - उत्कृष्ट महिला कंक्रीट इंजीनियर" से नवाजा गया।

**विभागीय कार्यकलाप**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, कॉर्पोरेट कंपनियों, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (एसआईआरओ) द्वारा स्थापित इन-हाउस आरएंडडी इकाइयों को मान्यता देने और अस्पतालों को छोड़कर विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएससी, क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) जैसे सार्वजनिक वित्तपोषित अनुसंधान संस्थानों को पंजीकरण देने के लिए नोडल विभाग है। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग से मान्यता प्राप्त आरएंडडी इकाइयां उद्योग द्वारा आरएंडडी व्यय पर सीमा शुल्क और भारित कर छूट के लिए पात्र हैं।

**<u>औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)</u>**

**उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

1. उद्योगों की 21 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता एवं पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।
2. उद्योगों की 115 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता नवीकरण और पंजीकरण प्रमाणपत्रों का नवीकरण प्रदान किया गया।

**वैज्ञानिक और औद्योगिक संगठन (एसआईआरओ)**

3. 7 एसआईआरओ को मान्यता प्रदान की गई तथा 4 एसआईआरओ को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

**आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन**

- उद्योगों की 5 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को फॉर्म 3 सीएम में अनुमोदन प्रदान किया गया और 2 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत अनुमोदन का विस्तार प्रदान किया गया।
- आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत कर लाभ के लिए 985.88 करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास व्यय को फॉर्म 3 सीएल में 22 रिपोर्ट को प्रमाणित किया जा रहा है।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं शामिल हैं (i) व्यक्तियों, स्टार्ट-अप और एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को नवीन विचारों को प्रदर्शन योग्य कार्यशील मॉडल / प्रोटोटाइप / प्रक्रियाओं में परिवर्तित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं या सेवाओं का रूप ले सकते हैं; और उन्हें इनक्यूबेटी/टेक्नो-उद्यमी बनने में सहायता प्रदान की जाएगी, (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पीएसीई), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बर्ड) का निर्माण, जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों (सीआरटीडीएच) के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें औद्योगिक अनुसंधान के उभरते क्षेत्रों में अध्ययन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, इसके अलावा महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू किया जाएगा।

**व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचारों को बढ़ावा देना (प्रिज्म):**

**इस माह के दौरान चार नवाचार परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गईं:**

सिंक्रोनस डायनमो इलेक्ट्रिक मशीन का उपयोग करके स्वचालित विद्युत उत्पादन व्यवस्था।
रक्त घटक निष्कर्षण के लिए स्वचालित मेकाट्रोनिक उपकरण।
अनुकूलित इजेक्टर का उपयोग करके ऊर्जा इफिशिएंट एयर कंडीशनर।
पारंपरिक हथकरघा का रीडिजाइन।
**ए2के+ इवेंट:**

डीएसआईआर द्वारा आंशिक रूप से समर्थित निम्नलिखित दो कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किये गये:

- ईईपीसी इंडिया द्वारा 24 मार्च 2025 को नई दिल्ली में "इंजीनियरिंग विनिर्माण और निर्यात के लिए नई प्रौद्योगिकियों में उभरते अवसर" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्योग जगत से 70 से अधिक प्रतिभागियों ने इस सेमिनार में भाग लिया ।
- दिनांक 5 से 7 मार्च 2025 तक नई दिल्ली में टेरी द्वारा " विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (डब्ल्यू एस डी एस) " पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में सरकारी प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, उद्योग, छात्रों आदि सहित लगभग 1527 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम - टीडीयूपीडब्ल्यू /ए2के+:**

लगभग 427 महिला लाभार्थी डीएसआईआर के आईआरडी कार्यक्रम की टीडीयूपीडब्ल्यू/ए2के+ उप-योजना के तहत सहायतार्थ चल रही विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत रेशम उत्पादन, जलीय कृषि, खाद्य पौष्टीकरण और प्रसंस्करण, रेडी टू एट फूड प्रीपरेशन और पैकेजिंग, कागज रीसाइक्लिंग, हस्तशिल्प/हथकरघा, कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मार्च, 2025 के महीने के दौरान प्रशिक्षित किया गया।

**एशियाई एवं प्रशांत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (एपीसीटीटी):**

इस माह के दौरान निम्नलिखित कार्यकलाप किए गए।

- विभाग, 2025 के लिए ईएससीएपी कार्य संबंधी कार्यक्रम और क्षेत्रीय संस्थाओं में योगदान के लिए प्रतिबद्ध।
- विभाग ने 'डिजिटल समाधान केंद्र की स्थापना' पर मसौदा प्रस्ताव की जांच की और उस पर टिप्पणियां प्रदान कीं।
- विभाग ने कजाकिस्तान द्वारा प्रस्तुत मसौदा प्रस्ताव की जांच की तथा प्रस्तावित प्रस्ताव के मसौदा पाठ पर टिप्पणियां प्रदान कीं।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के तहत सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एक उद्यम है, जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से भरपूर उपयोग करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से कई उत्पाद विकसित किए हैं और अन्य बातों के साथ-साथ सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका बनाए रखा है।

- कंपनी ने माह के दौरान 2892.01 लाख रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स/प्रणालियां/एसपीवी उत्पाद निर्मित किए।
- माह के दौरान 13228.14 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट/प्रणालियों/एसपीवी उत्पादों की बिक्री हुई।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

- निगम ने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा उद्योग के साथ दीर्घकालिक संबंधों को विकसित करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और मजबूत बनाए रखा है।

- निगम ने व्यावसायीकरण के लिए उद्योगों को निम्नलिखित दो प्रौद्योगिकियों का लाइसेंस दिया:
    - टी बार्सोनिल और बार्सोनिल बाहरी पाउडर- एक यूनानी सूत्रीकरण
    - अमिट स्याही

- निगम ने प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और आईपीआर सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए:
    - एपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
    - नाबार्ड परामर्श सेवाएँ
    - भारतीय प्लास्टिक एवं पर्यावरण केंद्र (आईसीपीई)
    - राजगिरी कॉलेज ऑफ सोशल साइंसेज (आरसीएसएस), केरल
- इनलैंड नॉर्वे यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज के डॉ. रफी अहमद ने जैव प्रौद्योगिकी और नवाचार में भारत-नॉर्वेजियन साझेदारी की संभावनाओं को तलाशने के लिए एनआरडीसी का दौरा किया।

**********************